ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा अधिकारियों का 40वां अखिल भारतीय सम्मेलन

केनरा बैंक राजभाषा अधिकारियों का 40वां अखिल भारतीय सम्मेलन 25 जुलाई को तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया। सम्मेलन में श्री देवाशीष मुखर्जी,कार्यपालक निदेशक, श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्री कलयाण मुखर्जी, महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग, श्रीमती सी एस विजयलक्ष्मी, महा प्रबंधक, मिड कॉरपोरेट क्रेडिट विभाग, श्री एस प्रेम कुमार, महा प्रबंधक, अंचल कार्यालय तिरुवनंतपुरम, श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक,मानव संसाधन विभाग एवं श्री ई रमेश, सहायक महाप्रबंधक, पर्यवेक्षी कार्यपालक, राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग मुख्य रूप से उपस्थित थे। आरम्भ में कोलकाता अंचल में पदस्थ राजभाषा अधिकारियों द्वारा ईश वंदना प्रस्तुत की गई।

इसके बाद श्री ई रमेश, सहायक महाप्रबंधक ने मंच पर उपस्थित सभी गणमान्यों एवं राजभाषा अधिकारियों का स्वागत किया। प्रधान कार्यालय टीम द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक ने पिछले एक वर्ष में राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में हुई प्रगति एवं उपलब्धियों पर अपनी प्रस्तुति दी। साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर राजभाषा अधिकारियों से प्रधान कार्यालय की अपेक्षाओं से अवगत कराया।

इसके बाद उपस्थित गणमान्यों द्वारा राजभाषा अनुभाग, प्रधान कार्यालय बेंगलूरू द्वारा जारी "परिचर्चा स्मारिका" एवं "राजभाषा का विकास हमारे साथ, देश का विकास केनरा बैंक के साथ" हिंदी नारा का विमोचन किया गया। सर्वश्रेष्ठ राजभाषा अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया।

श्री देवाशीष मुखर्जी,कार्यपालक निदेशक ने राजभाषा अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि बैंक में जिस तरह राजभाषा का कार्यान्वयन किया जा रहा है, यह प्रशंसनीय है। राजभाषा को कारोबार से जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। राजभाषा कार्यान्वयन के साथ - साथ बैंक के कारोबार वृद्धि में भी राजभाषा अधिकारियों की भूमिका होनी चाहिए और यह हर्ष का विषय है कि राजभाषा अधिकारी इस दिशा में भी अपनी रूची दिखा रहें है । उन्होंने राजभाषा कार्यान्वयन के लिए प्रधान कार्यालय टीम की भी प्रशंसा की।

श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने बेहतर कार्यों के लिए राजभाषा अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान में राजभाषा कार्यान्वयन में बहुत ही अच्छे कार्य किए गए है जो कि प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि राजभाषा अधिकारी अपने कार्य के साथ- साथ बैंक के कारोबार को बढ़ाने में भी अपना योगदान देना चाहिए।

श्री कल्याण मुखर्जी, महाप्रबंधक, मानव संसाधन विभाग ने कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन में हिंदी का प्रयोग और अधिक बढ़ाने पर काम करने की आवश्यकता है जिसके लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित करें तथा तदनुसार माहौल बनाए।

श्रीमती सी एस विजयलक्ष्मी, महाप्रबंधक, ने राजभाषा अधिकारियों को पदोन्नति लेकर बैंक के कारोबार से जुड़कर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद श्री एच एम बसवराज की सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानित किया गया।

इसके बाद श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक एवं श्री ई रमेश, सहायक महा प्रबंधक द्वारा अंचल कार्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा अधिकारियों के कार्यनिष्पादन की समीक्षा की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शिवानी तिवारी, प्रबंधक, राजभाषा अनुभाग ने किया।

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

ಸಿಂಡಿಕೇಟ್ सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

दीप प्रज्वलित करते हुए देवाशीष मुखर्जी,कार्यपालक निदेशक

ईश वंदना

स्वागत संबोधन श्री ई रमेश, सहायक महाप्रबंधक द्वारा

राजभाषा कार्यान्वयन पर प्रस्तुति, श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

परिचर्चा स्मारिका का विमोचन

केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

श्री देवाशीष मुखर्जी, कार्यपालक निदेशक का संबोधन

श्री शंकर एस, मुख्य महा प्रबंधक का संबोधन

ಕೆನರಾ ಬ್ಯಾಂಕ್ केनरा बैंक Canara Bank

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

श्री कल्याण मुखर्जी, महा प्रबंधक का संबोधन

श्रीमती सी एस विजयलाक्ष्मी, महा प्रबंधक का संबोधन

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू
Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

श्री एस प्रेमकुमार, महा प्रबंधक, अंचल कार्यालय तिरुवनंतपुरम का संबोधन

श्री एच एम बसवराज, उप महा प्रबंधक का सम्मान

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru

राजभाषा अनुभाग, मानव संसाधन विभाग, प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू

Official Language Section, Human Resources Wing, Head Office, Bengaluru